‘एकात्म मानवदर्शन में नारी की गरिमा व समान सहभागिता का भाव निहित’

नारी को केवल सशक्त नहीं, बल्कि निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी भागीदार बनाना आवश्यक : स्मृति ईरानी

जयपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति, जयपुर के महिला प्रकोष्ठ द्वारा एकात्म मानवदर्शन एवं स्त्री विमर्श विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन रविवार को कांस्टीट्यूशनल क्लब, जयपुर में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, मुख्य

दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती के पर जयपुर के महिला प्रकोष्ठ द्वारा एकात्म मानवदर्शन एवं स्त्री विमर्श विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया।

- **कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, मुख्य वक्ता भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी ऑनलाइन जुड़ी, विशिष्ट अतिथि संगीता जांगिड़ तथा अध्यक्षता नीता बूथरा ने की**

वक्ता भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी ऑनलाइन जुड़ी। विशिष्ट अतिथि संगीता जांगिड़ तथा अध्यक्षता नीता बूथरा ने की। समिति के अध्यक्ष प्रो. मोहन लाल छीपा भी मंचासीन रहे।

कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए प्रो. मोहन लाल छीपा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानवदर्शन व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र के समग्र विकास की अवधारणा प्रस्तुत करता है। भारतीय चिंतन परंपरा में नारी को समाज की सक्रिय, सम्मानित और महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में देखा गया है। आज आवश्यकता है कि उनके विचारों को समकालीन संदर्भों में समझते हुए महिला सहभागिता के नए आयामों पर विमर्श किया जाए। उन्होंने इस कार्यक्रम में बड़ी तादाद में महिलाओं की सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि भारतीय समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वावलंबन और निर्णय प्रक्रिया में सहभागिता समाज की प्रगति के महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके नेतृत्व को भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है। महिला घर के कार्यों के साथ साथ सामाजिक व प्रशासनिक जिम्मेदारी भी निभा रही है।

स्मृति ईरानी ने ऑनलाइन जुड़कर कर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानवदर्शन के संदर्भ में स्त्री विमर्श के विभिन्न आयामों पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारतीय दृष्टि में महिला परिवार और समाज की केवल एक इकाई नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण सहभागी रही है।

ईरानी ने कहा कि महिला सशक्तीकरण का अर्थ केवल महिलाओं को सुविधाएं उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि उन्हें शिक्षा, कौशल, रोजगार, उद्यमिता, नेतृत्व और निर्णय लेने की प्रक्रिया में प्रभावी भूमिका देना भी है। उन्होंने कहा कि जब महिला अपने निर्णय स्वयं लेने में सक्षम होती है, तब उसका प्रभाव केवल उसके व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचता है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानवदर्शन की चर्चा करते हुए कहा कि व्यक्ति के विकास को परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास से अलग करके नहीं देखा जा सकता। इसी समग्र दृष्टि में महिला की भूमिका को भी व्यापक संदर्भ में समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में नारी को शक्ति, सृजन, संस्कार और नेतृत्व के विभिन्न रूपों में सम्मान दिया गया है और आधुनिक स्त्री विमर्श को भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भों के साथ जोड़कर आगे बढ़ाना आवश्यक है।

ईरानी ने महिलाओं की शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता को विशेष महत्व देते हुए कहा कि शिक्षित और आत्मनिर्भर महिला न केवल अपने जीवन को बेहतर बनाती है, बल्कि परिवार और समाज को भी नई दिशा देने में सक्षम होती है। उन्होंने महिलाओं के सामने उपस्थित समकालीन चुनौतियों पर संवाद, सामाजिक जागरूकता और संस्थागत प्रयासों की आवश्यकता पर भी बल दिया। महिलाओं के सामने मौजूद चुनौतियों के समाधान के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नीता बूथरा ने कहा कि स्त्री विमर्श को भारतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक संदर्भों के साथ समझने की आवश्यकता है। महिलाओं की गरिमा, सम्मान और समान सहभागिता को केंद्र में रखकर ही समावेशी समाज का निर्माण किया जा सकता है।

पचास प्रतिशत पार्टनर बनाने का झांसा देकर 35 लाख रुपए ऐंठे

- **हॉस्पिटैलिटी बिजनेस में निवेश के बदले मुनाफे का दिया लालच**
- **दो साल तक रकम लेते रहे आरोपी**
- **रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी का आरोप**

जयपुर। श्याम नगर थाना इलाके में हॉस्पिटैलिटी बिजनेस में 50 प्रतिशत पार्टनर बनाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से करीब 35 लाख रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने निवेश के बदले मुनाफे का लालच देकर पीड़ित का भरोसा कायम रखा और वर्ष 2021 से 2023 के बीच उससे रकम लेते रहे। बाद में हिस्सेदारी और मुनाफा नहीं मिलने पर रुपए वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हेड कांस्टेबल कैलाश चंद कुमावत ने बताया कि बाहुबली पथ, श्याम नगर निवासी उदित गौर ने अनिल कॉल, आभा, आदित्य, अरुण और दीक्ष सहित अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार वर्ष 2021 में बिजनेस के सिलसिले में आरोपियों से बातचीत हुई थी। उन्होंने ‘एके हॉस्पिटैलिटी’ नामक बिजनेस में निवेश करने और उसे 50 प्रतिशत का पार्टनर बनाने का भरोसा दिया।

आरोप है कि वर्ष 2021 से 2023 के बीच आरोपियों ने विश्वास में लेकर बैंक खातों के माध्यम से 30.31 लाख रुपए और 4.50 लाख रुपए नकद लिए। काफी समय बीतने के बाद जब पीड़ित ने बिजनेस और मुनाफे के बारे में पूछा तो आरोपी उसे टालते रहे और प्रॉफिट में साझेदारी देने की बात कहते रहे।

पीड़ित के बार-बार कहने के बावजूद पार्टनरशिप, बिजनेस और प्रॉफिट से संबंधित कोई लिखित दस्तावेज नहीं बनाया गया। बाद में पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने रुपए लौटाने से इनकार कर दिया और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। धोखे का एहसास होने पर उदित गौर ने श्याम नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी आज जयपुर दौरे पर

जयपुर। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी सोमवार को एक दिवसीय जयपुर दौरे पर रहेंगे। रालोद राजस्थान की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार चौधरी जयपुर में युवा संवाद सहित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरान वे बस्सी क्षेत्र के ग्राम टहटड़ा में आयोजित वीर तेजाजी मेले में भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जोगिन्दर सिंह अवाना के अनुसार जयंत चौधरी सुबह 8 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां रालोद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद वे एयरपोर्ट पर ही मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे।

अवैध हथियार पिस्टल के साथ तस्कर गिरफ्तार

जयपुर। अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन आग के तहत जयपुर पुलिस की स्पेशल टीम (सीएसटी) और महेश नगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्टल, दो खाली मैगजीन और अवैध हथियार के परिवहन में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव नैन ने बताया कि सीएसटी की ओर से अवैध हथियारों से जुड़े लोगों के संबंध में आसूचना जुटाई जा रही थी। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर सीएसटी और महेश नगर थाना पुलिस की टीम ने गोपालपुरा बाईपास स्थित भगत पान भंडार के पास घेराबंदी की। मौके पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल और दो खाली मैगजीन बरामद हुईं।

चंदलाई बांध को पर्यटन से जोड़ने की संभावनाओं पर जोर : दिया कुमारी

- **दिया कुमारी ने कहा कि गांवों के विकास को सरकार ने प्राथमिकता दी है। चंदलाई में अटल पथ के साथ-साथ पानी, बिजली और पर्यटन सहित कई क्षेत्रों में विकास कार्य किए**

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में अब एक बार कांग्रेस और एक बार भाजपा सरकार बनने का दौर खत्म होगा। प्रदेश में लगातार भाजपा की सरकार बने, इसके लिए जनता का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार के ढाई साल के कार्यकाल में विकास के कई महत्वपूर्ण काम हुए हैं और इसका असर गांवों तक दिखाई दे रहा है। नगर निकाय चुनाव में भी जनता ने भाजपा के पक्ष में अपना विश्वास जताया है। अब पंचायत चुनाव में भी भाजपा प्रत्याशियों को जीताकर विकास की तीसरी कड़ी को मजबूत करने का काम किया जाए।

चंदलाई में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि गांवों के विकास को सरकार ने प्राथमिकता दी है। चंदलाई में अटल पथ के साथ-साथ पानी, बिजली और पर्यटन सहित कई क्षेत्रों में विकास कार्य किए गए हैं। दिया कुमारी ने पंचायत चुनाव को लेकर ग्रामीणों से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन की अपील करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार के बाद अब पंचायत स्तर पर भी विकास की कड़ी को जोड़ना जरूरी है। पंचायतों में भाजपा के प्रतिनिधि चुनकर आएंगे तो क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का उद्देश्य गांवों तक विकास पहुंचाना है और इसके लिए पंचायत स्तर पर मजबूत व्यवस्था जरूरी है।

रामसिंह राजावत ने चापोलाई गोशाला के लिए भी सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड चंदलाई की ओर से मृतक ऋणी सदस्य राम नारायण पुत्र सुखदेव योगी के नामित शंकर लाल को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की ओर से 10 लाख रुपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। सहायता राशि मिलने पर परिवार की ओर से आभार जताया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने भी ग्रामीणों से पंचायत चुनाव में भाजपा का साथ देने की अपील की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए पंचायत स्तर पर भी भाजपा को मजबूत करना जरूरी है। कार्यक्रम में पूज्य संत संतोष महाराज, राजपूत सभा भवन के अध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर , प्रशासक अनिरुद्ध सिंह चन्दलाई, जिला उपाध्यक्ष हरिमोहन शर्मा , जिला महामंत्री शिवजी राम , जिला मंत्री सुमन कुमावत , मंडल अध्यक्ष ज्ञानचंद मीणा , चंचल जोशी , उपसरपंच रेखा शर्मा , संतोष सैनी , उमा शर्मा पार्टी पदाधिकारी, ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डीपीएनजी सुविधाओं से जुड़ने का आग्रह

जयपुर । केन्द्र व राज्य सरकार का फोकस एलपीजी कनेक्शनों को डीपीएनजी कनेक्शनों में शिफ्ट करना है।

खोया पाया

रजिस्ट्रार संस्थाए जयपुर से पंजीकृत राजस्थान आवासन मण्डल कर्मचारी विकास समिति प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर की मूल पत्रावली एंव विधान नियमावली व अन्तिम प्रबन्ध कार्यकारिणी सूची जिसका पंजीयन कमांक 807/ जयपुर/08-09 है, कहीं गुम हो गये है। अतः जिस किसी को भी उक्त प्रपत्र मिले तो निम्न मोबाईल नं. 9828015900 पर सूचित करने का श्रम करें।

नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम दिनेश कुमार अग्रवाल से बदलकर दिनेश अग्रवाल रख लिया है। भविष्य मे मुझे दिनेश अग्रवाल पुत्र श्री मुरलीधर अग्रवाल के नाम से जाना जावे। निवासी प्लॉट नं. डी-66, देवनगर, केडिया पैलेस रोड, मुरलीपुरा, जयपुर, राजस्थान-302039

I army no 8003049Y Ex. Hav (HONY NB SUB) Shafayat ullah khan resident of 113 jaswant nagar khatipura road jaipur that i want to change name of my dependent daughter from SHABNEM to SHABNUM KHAN vide affidavit 17 sep 2026 dated before sub divisional majistrate jaipur city south

I army no 2893123K Ex Hav Arjun Singh resident of plot no 33 jagdamba nagar A kalwar road jhotwara jaipur that i want to change name of my dependent from KALPNA KANWAR to KALPANA KANWAR vide affidavit dated 15 sep 2026 before sub divisional majistrate jaipur city south

I army no 2893123K Ex Hav Arjun Singh resident of plot no 33 jagdamba nagar A kalwar road jhotwara jaipur that i want to change name of my dependent from KUMARI ANJANI to ANJANI TANWAR vide affidavit dated 15 sep 2026 before sub divisional magistrate jaipur city south

नम्बर मिलाइए 8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

‘गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार छोटे शहरों तक हो’

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं का भविष्य केवल नए अस्पताल बनाने तक सीमित नहीं है। राज्य को ऐसा सशक्त और एकीकृत स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना होगा, जिसमें सुलभता, गुणवत्ता, किफायती उपचार, आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित मानव संसाधन और संस्थागत विश्वास का समावेश हो। प्रत्येक स्वास्थ्य नीति, संस्था, तकनीक और निवेश के केन्द्र में रोगी तथा उसका कल्याण होना चाहिए।

- **‘तकनीक, गुणवत्ता और मानवीय संवेदना के समन्वय से प्रत्येक रोगी को मिले बेहतर उपचार’**

मुख्य सचिव ने एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया।

मुख्य सचिव शनिवार को जयपुर में एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (इंडिया) के राष्ट्रीय नेतृत्व सम्मेलन-2026 के समापन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ‘अगले दशक के लिए राजस्थान की स्वास्थ्य व्यवस्था का निर्माण’ विषय पर राज्य की भावी स्वास्थ्य कार्ययोजना प्रस्तुत की।

श्रीनिवास ने कहा कि विकसित राजस्थान-2047 के संकल्प में सभी नागरिकों को सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया है।

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार, सार्वभौमिक टीकाकरण, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान का विस्तार, आयुष्मान आरोग्य केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण और स्वास्थ्य सेवाओं में आधुनिक तकनीक का उपयोग राज्य की प्रमुख प्राथमिकताएं हैं।उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और चिकित्सा महाविद्यालयों को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, उचित परामर्श और बेहतर रेफरल व्यवस्था के माध्यम से मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।

सोडाला के पुराना तेजाजी मंदिर में मेला आज

जयपुर। सोडाला स्थित पुराना तेजाजी मंदिर में लोक देवता सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज का वार्षिक भव्य मेला उत्सव तेजा दशमी के अवसर पर सोमवार, 21 सितंबर को धूमधाम से आयोजित होगा।

मेले को लेकर मंदिर प्रबंधन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। आयोजन में जयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

मंदिर के पुजारी मुलचंद शर्मा ने बताया कि तेजा दशमी पर सोमवार सुबह 8 बजे से भव्य मेला उत्सव शुरू होगा। इस दौरान श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर वीर तेजाजी महाराज के दर्शन कर धोक लगाएंगे। मेले को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह बना हुआ है।

उन्होंने बताया कि दिनभर तेजाजी महाराज को खीर, पुए, पुड़ी और कच्चे नारियल का भोग लगाया जाएगा। शाम को तेजा बाबा की सवारी में श्रद्धालुओं को दर्शन होंगे।

श्रद्धालु इस दौरान जहरीले जीव-जंतुओं से रक्षा की प्रार्थना करेंगे। आयोजन के दौरान तेजाजी महाराज का अभिषेक कर भव्य श्रृंगार भी किया जाएगा।

सुनीता महावर के समर्थन में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

जयपुर। जयपुर नगर निगम के नवनिर्वाचित 57 कांग्रेस पार्षदों का रविवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) मुख्यालय में जयपुर शहर कांग्रेस की ओर से अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने पार्षदों से महापौर चुनाव में एकजुट रहने की अपील की। कांग्रेस की ओर से महापौर पद की अधिकृत प्रत्याशी बनाई गईं सुनीता मावर का भी पार्षदों ने शॉल और दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। 150 सदस्यीय निगम में कांग्रेस के 57 पार्षद हैं, जबकि भाजपा के 78 पार्षद निर्वाचित हुए हैं। इस समारोह में जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, विधायक रफीक खान व अमीन कागजी, अर्चना शर्मा, आर.आर. तिवाड़ी, गंगा देवी सहित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से निर्वाचित पार्षद मौजूद रहे।

कार्यक्रम के बाद जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि तमाम संसाधनों के दुरुपयोग के बावजूद जयपुर शहर में कांग्रेस के 57 पार्षद चुनाव जीतकर आए हैं। उन्होंने कहा कि ये सामान्य परिस्थितियों में जीतकर आए पार्षद नहीं हैं, बल्कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद जनता का विश्वास हासिल करके आए हैं। शर्मा ने आरोप लगाया कि जब सत्ता में भाजपा होती है तो कांग्रेस के 17-18 पार्षद ही मुश्किल से जीतकर आते हैं और भाजपा सत्ता तथा प्रशासनिक संसाधनों का इस्तेमाल करती है।

शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने जयपुर की वरिष्ठ पार्षद सुनीता महावर को महापौर प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि जयपुर की दिशा और दशा बदलनी है तो केवल कांग्रेस ही नहीं, भाजपा के पार्षदों को भी अपनी अंतरात्मा की आवाज पर मतदान करना चाहिए।

शर्मा ने दावा किया कि भाजपा में महापौर प्रत्याशी के चयन को लेकर कई पार्षद खुद को आहत महसूस कर रहे हैं और उन्हें लगता है कि टिकट वितरण में उनके साथ अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि अंतरात्मा की आवाज पर बहुत कुछ ऐसा होने वाला है, जो चौंकाने वाला होगा।शर्मा ने सुनीता मावर को अनुभवी प्रत्याशी बताते हुए कहा कि उन्हें चार बार पार्षद रहने का अनुभव है और परकोटे सहित जयपुर शहर की समस्याओं की जमीनी समझ है। उन्होंने भाजपा पर महापौर प्रत्याशी के चयन को लेकर लंबे समय तक असमंजस में रहने का आरोप लगाया।

पेट दर्द पर निजी अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिला की मौत

जयपुर। वैशाली नगर इलाके में पेट दर्द की शिकायत पर निजी अस्पताल में भर्ती 27 वर्षीय गर्भवती महिला की मौत के बाद रविवार सुबह सिरसी रोड स्थित मेट्रोपॉलिटन हॉस्पिटल के बाहर परिजनों और स्थानीय लोगों ने हंगामा कर दिया। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही और देरी का आरोप लगाते हुए दोषियों की गिरफ्तारी, एक करोड़ रुपए मुआवजा और आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग की। करीब दो घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद वैशाली नगर थाना पुलिस की समझाइश से मामला शांत हुआ। सुमन देवी (27) को शनिवार सुबह करीब 8 बजे पेट दर्द और तबीयत खराब होने की शिकायत पर सिरसी रोड स्थित मेट्रोपॉलिटन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान तबीयत बिगड़ने पर उसे देर शाम दूसरे निजी अस्पताल के लिए रेफर किया गया।मेट्रोपॉलिटन हॉस्पिटल में हालत बिगड़ने के बाद छह यूनिट ब्लड चढ़ाया गया, लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:3693 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक:07.09.2026

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास/ फ्लेट संख्या 52/185 (GF) (HIG), (एरिया 167.034 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव पत्नी श्री विपिन कुमार श्रीवास्तव को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 733 दिनांक 29.06.2000 को जारी किया गया। श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव के पक्ष में उक्त आवास / फ्लेट के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 03.08.2002 को उप पंजीयक-सांगानेर, जयपुर के यहाँ पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव द्वारा उक्त आवास/ फ्लेट को दिनांक 03.05.2024 के द्वारा श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी श्री दीनदयाल उपाध्याय को विक्रय कर उप पंजीयक - अष्टम जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती सुनीता शर्मा द्वारा उक्त आवास/फ्लेट को दिनांक 24.06.2026 के द्वारा श्रीमती मंजू श्री सिंघवी पत्नी श्री नरपत चन्द को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्रीमती मंजू श्री सिंघवी पत्नी श्री नरपत चन्द द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्रीमती मंजू श्री सिंघवी पत्नी श्री नरपत चन्द का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

भवदीय, सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना

मैं पप्पन पुत्र बाबू जाति घोसी (मुसलमान) उम्र 48 वर्ष नि० आनन्द नगर, भरतपुर (राज.) का हूँ। मैं शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि अपनी स्वयं की मेहनत मजदूरी से स्वंय के रुपयों से एक पुख्ता मकान आनन्द नगर में बनाया हुआ है जिसमें मेरी पत्नि सायराबानो व मेरे पुत्र क्रमशः अल्ताफ हुसैन, सद्दाम हुसैन, समीर, फिरोज रहते हैं। मेरा पुत्र सद्दाम हुसैन गलत संगत में पड़ गया है और आये दिन घरवालों से लड़ाई झगड़ा करता रहता है मैं अपने पुत्र के आचरण से अत्यंत दुखी हूँ इसलिये मैं अपने पुत्र सद्दाम को आनन्द नगर के मकान व अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ मेरे पुत्र सद्दाम हुसैन द्वारा किये गये किसी भी कार्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी तथा भविष्य में कोई लेन-देन मेरे पुत्र सद्दाम हुसैन द्वारा किया जाता है तो उसका जिम्मेदार मेरा पुत्र सद्दाम हुसैन होगा।

रजिस्ट्रेशन नं. 2601/एल
तोपखाना देश गृह निर्माण सहकारी समिति लि.
कार्यालय: 2, हथरोई, अजमेर रोड, जयपुर

आम सभा सूचना

समिति के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन दिनांक 28 सितम्बर 2026 को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय : 2, हथरोई, अजमेर रोड़, जयपुर पर किया जाना निश्चित किया गया है, जिसमें निम्न विषयों पर निर्णय लिया जाना है :-

1. गत साधारण सभा की कार्यवाही की पुष्टि
2. अंकेक्षित लेखों की पुष्टि व आडिट आक्षेपों की अनुपालना
3. समिति की विवादास्पद योजनाओं के समाधान पर विचार
4. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से।

कोरम के अभाव में स्थगित बैठक नियम / उपनियमानुसार आयोजित की जावेगी जो उसी दिन उसी स्थान पर एक घन्टे उपरान्त प्रारम्भ की जावेगी। स्थगित बैठक में विचारणीय विषय उपरोक्तानुसार ही रहेंगे।

दिनांक 18.09.2026 आज्ञा से
तोपखाना देश गृह निर्माण सहकारी समिति लि.
अध्यक्ष

एएचपीआई नेशनल लीडरशिप समिट का समापन

जयपुर । एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (इंडिया) की ओर से आयोजित चौथी एएचपीआई नेशनल लीडरशिप समिट का शनिवार को जयपुर में समापन हुआ।

होटल मैरियट में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर के नीति-निर्माताओं, चिकित्सकों, हेल्थकेयर लीडर्स, प्रशासकों, नर्सिंग लीडर्स और विशेषज्ञों ने भाग लिया।समिट की थीमसस्टेनेबल हेल्थकेयर लीडरशिप: बैलेंसिंग क्वालिटी, कॉस्ट एंड ट्रस्टरही।

सम्मेलन में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, किफायती इलाज, तकनीक, संवेदनशीलता और मरीजों के विश्वास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। समापन सत्र में राजस्थान सरकार के मुख्य सचिववी. श्रीनिवास, आईएएसमुख्य अतिथि रहे।

नीति आयोग के पूर्व सदस्यडॉ. वी.के. पॉलने विजन फॉर विकसित भारत 2047 विषय पर संबोधन दिया।सम्मेलन के दूसरे दिन हेल्थकेयर के मानवीय पक्ष पर विशेष जोर रहा।

स्वास्थ्य संस्थानों में संवेदनशीलता और विश्वास की संस्कृति विकसित करने, मेंटरशिप एवं उत्तराधिकार योजना के जरिए भावी नेतृत्व तैयार करने, नर्सिंग लीडरशिप मजबूत करने और डॉक्टर-मरीज संबंध बेहतर बनाने पर विचार-विमर्श हुआ।

समिट मेंएएचपीआई नेशनल अवॉर्ड्सभी प्रदान किए गए। इनमें आईएलबीएस नई दिल्ली के निदेशकडॉ. शिव सरीन, मणिपाल हॉस्पिटल्स ग्रुप के एमडी एवं सीईओदिलीप जोसऔर पॉलीमेडिक्योर के सीएमडीहिमांशु बैदशामिल रहे। वहींएएचपीआई राजस्थान अवॉर्ड्स टू वूमेन ल्यूमिनरीजसे भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल की सीनियर वाइस चेयरपर्सनअनिला कोठारीऔर इटरनल हॉस्पिटल की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टरमंजू शर्माको सम्मानित किया गया। आयोजक सचिवडॉ. सर्वेश अग्रवालने कहा कि गुणवत्तापूर्ण, किफायती और भरोसेमंद स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए पूरे हेल्थकेयर इकोसिस्टम में निरंतर संवाद और सहयोग जरूरी है। आयोजन अध्यक्षडॉ. विकास स्वर्णकारने सरकार और निजी स्वास्थ्य क्षेत्र के बीच सहयोग बढ़ाने की जरूरत बताई।

डिजिटल अरेस्ट कर सेवानिवृत्त एडीजी से 2.12 करोड़ की ठगी करने वाले गिरफ्तार

जयपुर पुलिस ने महाराष्ट्र से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- **तीनों को ट्रांजिट रिमांड पर जयपुर लाया गया। आरोपियों ने सेवानिवृत्त एडीजी को पुलिस का अधिकारी बनकर मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में फंसाने का डर दिखाया**

जयपुर। सेंट्रल साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन जयपुर ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर सेवानिवृत्त एडीजी से 2.12 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए महाराष्ट्र से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों को ट्रांजिट रिमांड पर जयपुर लाया गया। आरोपियों ने भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के सेवानिवृत्त एडीजी को पुलिस और अन्य सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बनकर मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में फंसाने और गिरफ्तारी वारंट जारी होने का डर दिखाया। इसके बाद करीब 10 दिन तक उन्हें व्हाट्सएप वीडियो कॉल पर निगरानी में रखा और अलग-अलग बैंक खातों में 2 करोड़ 12 लाख 10 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर क्राईम विजय कुमार सिंह के अनुसार सेण्ट्रल साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन जयपुर ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर सेवानिवृत्त एडीजी से 2.12 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले रोहित रेवण कटकधोंड,आमोल जगन्नाथ पवार और आंबादास कालू जाधव को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार रोहित रेवण कटकधोंड-कृषि उत्पाद व्यवसायी है। पुलिस के अनुसार वह मुंबई में अंतरराष्ट्रीय व्यापार और कमीशन के लालच में ठगों के संपर्क में आया और उसने अपने बैंक खाते तथा सिम कार्ड उपलब्ध कराए। आमोल जगन्नाथ पवार-कंपनी में निवेश और शेयर बाजार के नाम पर खातों का दुरुपयोग कराने तथा पुशबुलेट ऐप के जरिए ओटीपी साझा करने में शामिल बताया गया है और आंबादास कालू जाधव-आमोल पवार का पूर्व साझेदार है। पुलिस के अनुसार उसके नाम से नासिक के यस बैंक में फर्जी फर्म ओरिएंट मेटल्स का खाता खुलवाया गया, जिसमें ठगी की रकम प्राप्त की गई।

उप महानिरीक्षक पुलिस शान्तनु कुमार सिंह ने बताया कि 9 से 18 अगस्त 2026 के बीच आरोपियों ने सेवानिवृत्त अधिकारी से संपर्क किया। उन्हें लगातार वीडियो कॉल पर रहने, किसी अन्य व्यक्ति से संपर्क नहीं करने और लाइव लोकेशन चालू रखने के लिए मजबूर किया गया।

आरोपियों ने फर्जी सरकारी दस्तावेज भेजकर खातों की जांच के नाम पर 13 अगस्त को आईसीआईसीआई बैंक खाते में 2.02 करोड़ रुपए तथा 18 अगस्त को यस बैंक खाते में 10.10 लाख रुपए आरटीजीएस के जरिए ट्रांसफर करवा लिए।इसके बाद साइबर पुलिस स्टेशन के उप अधीक्षक गजेन्द्र शर्मा और पुलिस निरीक्षक सोनम के नेतृत्व में टीम ने बैंक खातों, सीडीआर, केवाईसी, व्हाट्सएप चैट और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। इसके बाद आरोपियों की पहचान कर नासिक और मुंबई से गिरफ्तार किया गया।

जांच में सामने आया कि ठगी की रकम को कई बैंक खातों में भेजकर उसकी लेयरिंग की गई। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने सेबी और शेयर बाजार अधिकारी बनकर पुशबुलेट ऐप के माध्यम से मोबाइल के ओटीपी हासिल किए और नेट बैंकिंग के जरिए करोड़ों रुपए का लेन-देन किया। पुलिस अब ठगी की रकम की बरामदगी के साथ गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।